प्रेस विज्ञप्ति
जनपद बस्ती
दिनांक-07.02.2025

थाना सोनहा पुलिस व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में मोटर साइकिल चोरी कर बिक्री करने वाले 03 अंतर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की 07 अदद मोटरसाइकिलों को किया गया बरामद-

पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री अभिनन्दन द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शांति/ सुदृढ़ क़ानून व्यवस्था/ सुरक्षा व्यवस्था एवं देखभाल क्षेत्र के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना सोनहा पुलिस व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में दिनांक 26.12.2024 को थाना सोनहा क्षेत्रान्तर्गत चोरी गए मोटरसाइकिल के संबंध में पंजीकृत मु0अ0सं0 05/2025 धारा-305 B.N.S से संबंधित वांछित 03 अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों को दिनांक 07.02.2025 को समय 04:37 बजे थाना सोनहा क्षेत्र के अइला घाट पुल के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे/निशानदेही से चोरी के कुल 07 अदद मोटरसाइकिल व 02 अदद मोबाइल बरामद किया गया।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सोनहा पर गिरफ्तार 03 अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 21/2025 धारा 305, 303(2), 317(4), 318(2), 319(2), 336(3), 338, 340(2) B.N.S. पंजीकृत कर व पूर्व में पंजीकृत मु0अ0सं0 05/2025 धारा 305 BNS में धारा 317(4) BNS की बढ़ोत्तरी कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1- कृष्ण मणि पाण्डेय पुत्र जगदीश प्रसाद पाण्डेय उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम विशुनपुर थाना गौर जनपद बस्ती|
2- विक्रम गौतम पुत्र गनेश निवासी ग्राम भुईगावा थाना भवानी गंज जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 22 वर्ष (उ0प्र0)|
3- मुकेश यादव पुत्र गजराज यादव उम्र करीब 26 वर्ष निवासी कुक नगर ग्राम/टोला झुनखुनिया अहिरनडीह थाना खोड़ारे जनपद गोंडा (उ0प्र0) |

बरामदगी का विवरण-

1- 07 अदद मोटरसाइकिल (UP51 BL3861 को तहसील हरैया से, UP51 AE1982 को महिला चिकित्सालय बस्ती से, UP51 BP3711 को भानपुर के पास स्कूल के सामने से, UP51 BC1780 व UP51 BM3498 को कैली अस्पताल बस्ती के, UP51 BH3595 बस्ती कचहरी के पास से एवं UP51 BF8074)।
2- दो अदद मोबाइल (सैमसंग गैलेक्सी A34 व A14) |

घटना/पूछताछ का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक-06.01.2025 को राज कौशल पुत्र राजू निवासी ग्राम बनटिकरा थाना सोनहा जनपद बस्ती द्वारा थाना सोनहा पर शिकायती प्रार्थना-पत्र दिया गया कि दिनांक-26.12.2024 को मेरा भाई जय कौशल परीक्षा देने हेतु मोटरसाइकिल गाडी संख्या- UP51BP3711 से सवित्री विद्या विहार भानपुर में गया था, जहां से जब वह परीक्षा देकर बाहर निकला तो वहाँ मौके पर उसके द्वारा खड़े किए गए स्थान पर गाड़ी नहीं थी जिसकी काफी खोज-बीन किया अगया किन्तु कहीं पता नहीं चला, जिस पर थाना सोनहा पर मु0अ0सं0-05/2025 धारा-305 B.N.S पंजीकृत कर जांच एवं अन्य आवश्यक विधिक/ विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही थी कि थाना सोनहा पुलिस टीम व स्वाट टीम बस्ती द्वारा संयुक्त रूप से शांति/ सुदृढ़ क़ानून व्यवस्था/ सुरक्षा व्यवस्था एवं देखभाल क्षेत्र के दृष्टिगत दिनांक-06/07.02.2025 को अइला घाट पुल पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना गौर की तरफ से 02 मोटरसाइकिल पर 03 व्यक्ति सवार आते दिखाई दिए। जिन्हें रोक कर नाम-पता पूछते हुए उनकी तलाशी के दौरान उनके द्वारा कोई दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराए जाने पर उनसे सख्ती से पूछताछ करने पर बताया गया कि मौके पर पकड़ी गयी दोनों गाड़ियां चोरी की है।

गिरफ्तार अभियुक्त 1- कृष्ण मणि पाण्डेय का आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0- 144/2023 धारा-120-B, 409, 467, 468, 471 IPC व धारा-3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 थाना गौर जनपद बस्ती |

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- प्रभारी निरीक्षक सोनहा मोतीचन्द जनपद बस्ती |

2- प्रभारी स्वाट टीम संतोष गौड़ जनपद बस्ती |

3- प्रभारी सर्विलांस सेल उ0नि0 शशिकान्त जनपद बस्ती।

4- उ0नि0 जयशंकर पाण्डेय, उ0नि0 सचिंद्र, उ0नि0 तारकेश्वर यादव थाना सोनहा जानपद बस्ती |

5- हे0का0 वीरेंद्र यादव, का0 देवेंद्र यादव, का0 राकेश सिंह, हे0का0 चालक सुरेंद्र प्रसाद थाना सोनहा जनपद बस्ती |

6- हे0का0 पवन कुमार तिवारी, हे0का0रमेश कुमार, का0 सुभेन्द्र तिवारी, का0 किशन सिंह, का0 अभिलाष प्रताप सिंह स्वाट टीम जनपद बस्ती |

7- आरक्षी सत्येन्द्र सर्विलांस सेल जनपद बस्ती।

सभागार